हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 29 मार्च 2026
[ राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | मैनपुर | देवभोग | पांडुका ]

KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NIRF RANKING 2025
Ranked in the Top 101-150 Universities
NAAC Accredited
UGC & AICTE Approved
600+ International Students from 33 Countries
130+ Career-Focused Programs
400+ Recruitment Partners
1200+ Internships Offered
Highest Package: INR 29 LPA

Faculty of Information Technology & Computer Science

Turn Your Passion for Tech Into a **High-Growth Career.**

LEARN TODAY LEAD TOMORROW

**Undergraduate**
- BCA in Artificial Intelligence & Machine Learning
- B.CS in AI & ML and Cybersecurity
- Bachelor of Animation & VFX

**Postgraduate**
- MCA • M.CS in AI & ML and Cybersecurity
- Master of Data Science • PGDCA
- Master of Animation & VFX

**Diploma**
- Diploma in Computer Applications (DCA)

**New-Age Specialisations**
- BCA in Game Development with AI in collaboration with Hi TECH ANIMATION

**Powered by Industry Experts**
- In Collaboration with IBM Innovation Centre for Education
- Industry-designed AI & ML curriculum
- Practical learning with advanced labs

**7 Centres of Excellence** (For Practical & Applied Learning)
- TechnoViz Automation for Industrial Internet of Things (IIoT)
- Godawari | eblu for Research and Training on Electric Vehicles
- IBM Innovation Centre for Education for B.Tech CS in AI & ML
- JustAuto for Repair & Monitor of Maintenance of Vehicles
- BDS Education for Robotics, Coding, and Drones
- Proud to say IamSMEofIndia for Micro, Small, and Medium Enterprises (MSME)
- BOSCH for Bridge Courses

**Research & Advanced Infrastructure :**
- 90+ Advanced Laboratories (SIRO Recognised by the Govt. of India)
- Exclusive Central Instrumentation Facility (CIF) (High-end research equipment)

**Startup Ecosystem :**
- Kalinga Incubation Foundation (KIF) • 7 Functional Startups on campus
- Your startup journey starts with our mentorship



*Everything you need to build a successful tech career. All in one place.*

Top Recruiters
Infosys | Wipro | Oracle | Capgemini | TCS | Accenture | Bosch | Godawari | Adani | Biocon

#Rajesh9926308899

+91-9907252100

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur - 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Apply through Entrance Examinations
KALSEE/KAL-MAT

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 29 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री



## खबर संक्षेप

### करकरा में रामरस गुणगान महोत्सव का भव्य शुभारंभ

**मुड़ागांव (कोरासी)।** छुरा विकास खण्ड के ग्राम करकरा में नवयुवक बजरंग दल एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से राम जानकी मंदिर प्रांगण में त्रि-दिवसीय रामरस गुणगान महोत्सव का आयोजन 28 मार्च से 30 मार्च तक किया जा रहा है। महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को दोपहर 2 बजे भव्य कलश शोभायात्रा के साथ किया गया। वहीं 29 मार्च को प्रातः 10 बजे से रामायण पाठ का शुभारंभ होगा। यह धार्मिक आयोजन 30 मार्च, रविवार तक चलेगा, जिसमें पूरे गांव में भक्ति का माहौल बना रहेगा। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे ग्राम करकरा पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहेगा।

### नवापारा राज देवांगन समाज का वार्षिक अधिवेशन आज

**नवापारा-राजिम।** नवापारा राज देवांगन समाज का 40वां वार्षिक अधिवेशन आज होने जा रहा है। यह जानकारी देते हुए समाज के मीडिया प्रभारी राजू देवांगन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू होंगे। अध्यक्षता रायपुर जिला देवांगन समाज के अध्यक्ष भगवती देवांगन करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य सारिका-गोवर्धन साहू,बेंद्री के सरपंच नीलम-राजा जोशी एवं नवापारा राज देवांगन समाज के अध्यक्ष अर्जुन देवांगन विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम देवांगन समाज भवन बेंद्री में सुबह 10 बजे आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपाध्यक्ष रोहित देवांगन, कनिष्ठ उपाध्यक्ष फागुराम देवांगन, गोवर्धन देवांगन, नंदकुमार देवांगन, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश देवांगन, सचिव मोहन देवांगन, सहसचिव भरत देवांगन,विजय देवांगन बालाराम देवांगन,महेश देवांगन, तथा युवा अध्यक्ष लोकेश देवांगन उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां परमेश्वरी की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन से होगा।

### सरकार कर रही गैस सिलेंडर वितरण में भेदभाव : धनेंद्र

**नवापारा-राजिम।** पीसीसी के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने एक विज्ञप्ति में आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गैस सिलेंडर रिफिलिंग की समय सीमा को लेकर हाल ही में लिया गया निर्णय अत्यंत



दुर्भाग्यपूर्ण एवं भेदभावपूर्ण है। सरकार ने एक ही प्रदेश की जनता के बीच शहरी और ग्रामीण का भेद कर जो निर्णय लिया है, वह न केवल तर्कहीन है बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और गृहणियों की सुविधा पर सीधा प्रहार है। कहा कि सरकार के निर्देशो के अनुसार जहां शहरी उपभोक्ताओं को हर 25 दिनों में एक गैस सिलेंडर देने का प्रावधान किया गया है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के परिवारों के लिए यह समय सीमा 45 दिन निर्धारित की गई है। यह स्पष्ट रूप से ग्रामीण जनता के साथ अन्याय है। क्या ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों की आवश्यकताएं कम हैं या उनके परिवार छोटे हैं? एक ओर सरकार उज्ज्वला योजना और धुआं-मुक्त रसोई के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण जनता को 45 दिनों तक सिलेंडर के लिए इंतजार करने को मजबूर किया जा रहा है। यह निर्णय ग्रामीण आबादी को पुनः लकड़ी और कोयले के चूल्हे की ओर धकेलने जैसा है। सरकार इस भेदभावपूर्ण आदेश को तत्काल प्रभाव से वापस ले। पूरे प्रदेश में एक राज्य, एक नियम के तहत गैस सिलेंडर वितरण की समान समय सीमा सुनिश्चित की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में गैस सिलेंडर की आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। कांग्रेस पार्टी स्पष्ट करती है कि यदि सरकार इस जनविरोधी फैसले को वापस नहीं लेती है, तो सड़क से लेकर सदन तक ग्रामीण जनता के हक की लड़ाई लड़ी जाएगी और उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# अघोरी ग्रुप की शिव-पार्वती झांकी ने मोहा सबका मन

## मैनपुर की सड़कों पर उतरी भूत-पिशाच की बारात









हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

रामनवमी के अवसर पर श्रीराम सेना मैनपुर द्वारा मैनपुर में शिव–पार्वती विवाह झांकी अघोरी गुरप अंजोरा दुर्ग से मंगवाई गई थी भूत–पिशाच की बारात के आकर्षक झांकी ने सब का मन मोह लिया यह झांकी हरदीभाठा से प्रारंभ हुआ जो पुरे मैनपुर नगर का भ्रमण करते हुए दुर्गा मंदिर पहुची इस दौरान शिव–पार्वती विवाह की झांकी में पारपंरिक विधि विधान के साथ विवाह का दृश्य प्रस्तुत किया गया भस्म रमय जटा धारी स्वरूप में अघोरियों ने डमरू और त्रिशुल के साथ आकर्शक नृत्य प्रस्तुत किये इसके अलावा अग्नि के साथ करतब कठिन साधना के प्रदर्शन और विभिन्न आध्यात्मिक क्रियाओं से लोगो को आश्चर्य चकित कर दिया आकर्षक ▶▶| शेष पेज 10 पर

### उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व बना पश्चिमी घाट, हिमालयी वन्यजीवों के लिए नया आश्रय

# एआई और पारंपरिक ज्ञान से जंगलों में लौट रही दुर्लभ प्रजातियां, पर्यटन व रोजगार बढ़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

प्रदेश के घने जंगलों में एक दिलचस्प बदलाव दिखाई दे रहा है। यहां की पहाड़ियों और वनों में अब फिर से उन दुर्लभ प्रजातियों की आहट सुनाई देने लगी है, जो कभी पश्चिमी घाट और हिमालयी क्षेत्रों की पहचान मानी जाती थीं। मालाबार पाइड हॉर्नबिल, मालाबार विशाल गिलहरी और भारतीय उड़ने वाली गिलहरी जैसी प्रजातियाँ अब उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में अपना विस्तार कर रही हैं। इस बदलाव के पीछे आधुनिक तकनीक और स्थानीय समुदायों के पारंपरिक ज्ञान का एक अनूठा संगम काम कर रहा है। छत्तीसगढ़ का सेंट्रल इंडियन हाइलैंड्स क्षेत्र पश्चिमी घाट, पूर्वी घाट और हिमालय के बीच एक महत्वपूर्ण पारिस्थितिक कड़ी का काम करता है। यह क्षेत्र कई वन्यजीव प्रजातियों के लिए फॉनल ब्रिज यानी जीव-जंतुओं के आवागमन का प्राकृतिक मार्ग बनता है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व इसी हाईलैंड्स का हिस्सा है। यह क्षेत्र उन प्रजातियों के लिए आदर्श माना जाता है जो ऐसे बनों में पनपती हैं जहाँ वृक्षों के छत्र आपस में जुड़े हों, जिन्हें वृक्षीय राजमार्ग कहा जाता है ,सालभर जल स्त्रोत उपलब्ध हों ▶▶| शेष पेज 10 पर





#### 850 हेक्टेयर से अतिक्रमण हटाया गया

हॉटस्पॉट क्षेत्रें के 21 तालाबों में सौर ऊर्जा से चलने वाले पंप लगाए गए, जो गर्मियों में सूख जाया करते थे फाइकस प्रजातियों और फलदार वृक्षों का बड़े पैमाने पर रोपण किया गया जल संरक्षण के लिए कंटूर ट्रेंच, चेक डैम और जल संचयन संरचनाएँ बनाई गई इसके साथ ही अवैध शिकार रोकने के लिए 60 से अधिक एंटी–पोचिंग अभियान चलाए गए, जिनमें ओडिशा और यूएसटीआर क्षेत्र से लगभग 500 शिकारी और लकड़ी तस्करों की गिरफ्तारी हुई। समुदाय के साथ संरक्षण की नई पहल वन विभाग ने समुदाय आधारित संरक्षण कार्यक्रम भी शुरू किए हैं।

#### जब एआई ने जंगलों की निगरानी शुरू की

वर्ष 2022 में उदती सीतानदी टाईगर रिजर्व ने जंगल संरक्षण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग शुरू किया। रिजर्व ने गूगल अर्थ इंजन आधारित रिमोट सेंसिंग पोर्टल का उपयोग करते हुए 1840 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में बन आवरण और जल स्रोतों की स्थिति का विश्लेषण किया। सेंटिनल और लैंडसैट उपग्रहों से प्राप्त पिछले 15 वर्षों के आंकड़ों का अध्ययन कर मशीन लर्निंग एल्गोरिदम के माध्यम से एनडीवीआई (वनस्पति सूचकांक) और एनडीडब्ल्यूआई (जल सूचकांक) में बदलाबों का विश्लेषण किया गया। इस तकनीक से उन क्षेत्रें की पहचान संभव हुई जहां, वन आवरण तेजी से कम हो रहा था वृक्षों के छत्रें में अंतराल बढ़ रहा था जल स्रोत सूख रहे थे इन क्षेत्रें को हॉटस्पॉट के रूप में चिहिनत किया गया।

#### ड्रोन से हुआ जमीनी सत्यापन

उपग्रह चित्रों से मिले संकेतों की पुष्टि के लिए एआई-संचालित सर्वेक्षण ड्रोन का उपयोग किया गया। इन ड्रोन की मदद स हॉटस्पॉट क्षेत्रें का उच्च-रिजॉल्यूशन मानचित्र तैयार किया गया जंगलों की वास्तविक स्थिति का आकलन हुआ संरक्षण के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रें की पहचान की गई इससे वन विभाग को एक सटीक और अद्यतन तस्वीर मिली, जो संरक्षण रणनीति बनाने में अत्यंत उपयोगी साबित हुई। जंगल की असली जानकारी समुदाय के पास तकनीक के साथ-साथ स्थानीय समुदायों का ज्ञान भी इस पहल का महत्वपूर्ण हिस्सा बना। ओड, अमलोर, आमामोरा, नारिपानी, अमली, खालगढ़, मेचका, बमनीझोला, आमगांव, बहिगांव और कारिपानी जैसे गांवों के वनवासियों से बातचीत कर इन प्रजातियों के पुराने रहवास क्षेत्रों, भोजन के स्रोतों और आवागमन के रास्तों की जानकारी जुटाई गई। यह पारंपरिक ज्ञान कई मामलों में वैज्ञानिक डेटा का पूरक साबित हुआ। तीन वषोंर् में बड़े बदलाव एकत्रित जानकारी और विश्लेषण के आधार पर पिछले तीन वषोंर् में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए।

## वार्ड क्रमांक 6 में शेड निर्माण का भूमिपूजन



**फिंगेश्वर।** नगर पंचायत फिंगेश्वर के वार्ड क्रमांक 06 में नागरिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए टीना शेड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया।इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ नागरिक धर्मवीर यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष धनराज सूर्यवंशी तथा नगर पंचायत उपाध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद दीपक श्रीवास ने भगवान भोलेनाथ की पूजा–अर्चना कर कार्य स्थल पर श्रीफल तोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से राधे साहू,श्यामाचरण निषाद, दौलत साहू, मदन निर्मलकर, हीरा प्रजापति, गिरधर धुरव, बिल्ला निषाद, कृष्णा निषाद, नीरा धुरव,सविता श्रीवास,मुकेश श्रीवास, बिरहु साहू, रामसाय चक्रधारी, दुखू तारक एवं ढेलू ध्रुव सहित अन्य नागरिक शामिल रहे। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष धनराज सूर्यवंशी ने कहा कि वार्ड क्रमांक 06 में लंबे समय से टीना शेड की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसे ध्यान में रखते हुए इस निर्माण कार्य की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि इस शेड के निर्माण से स्थानीय नागरिकों को विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी। साथ ही उन्होंने नगर के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की बात कहीं। वहीं,नगर पंचायत उपाध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद दीपक श्रीवास ने कहा कि वार्डवासियों की मांग को प्राथमिकता देते हुए इस कार्य को शुरू कराया गया है।

## साड़ी पहनकर चोरी की नीयत से घूम रहे संदिग्ध, सीसीटीवी में करतूत कैद



**नवापारा-राजिम।** नवापारा शहर के आसपास अज्ञात चोर गिरोह नए पैतरे आजमाने लगे है। अपने एक साथी को अब साड़ी पहनाकर चोरी करने निकलने लगे है। नई जानकारी के साथ यह मामला शहर से लगे पारागांव की है जहां चोर आधी रात के बाद चोरी करने निकल पड़ते है। सीसीटीवी कै मरे में कै द हुए यह तस्वीर बयां कर रही है कि चोर कै से शटर के ताले को तोड़ने का प्रयास कर रहा है। उसके साथ में मौजूद चोर साड़ी पहना हुआ है। सड़क किनारे वारदात को अंजाम दे रहे चोरो की नजर जब आने-जाने वाली गाड़ियो की रोशनी पर पड़ी तो बाजू से गली में फट से घुसते हुए दिखाई पड़ रहे है। हालांकि ये चोरी नही कर पाए परंतु प्रयास इनका भरपुर नजर आ रहा है। शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार सामने आ रही घटनाओं ने आमजन में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। गुरूवार की रात पारागांव में एक दुकान को निशाना बनाने की कोशिश करते देखे जा रहे है। जिसमें चोरों की पूरी करतूत कैमरे में कैद हो गई है। आधी रात के बाद तीन संदिग्ध एक दुकान के सामने पहुंचे और शटर तोड़ने का प्रयास करते हुए दिखे। इनमें से एक व्यक्ति महिला के वेश में था, जो साड़ी पहना हुआ था। चोरों ने दुकान के ताले को तोड़ने में सफलता भी हासिल कर ली थी, लेकिन शटर उठाने में सफल नहीं हो सके, जिससे बड़ी चोरी टल गई। फुटेज में यह भी देखा गया कि जैसे ही किसी वाहन की लाइट नजर आती, चोर तुरंत पास की गलियों में छिप जाते थे और रास्ता साफ होते ही फिर से अपने प्रयास में जुट जाते थे। इससे उनकी चालाकी और सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम देने की मंशा साफ झलकती है। यह पहला मामला ▶▶| शेष पेज 10 पर

#### दहशत में नागरिक पुलिस गश्त पर उठे सवाल

वहीं, शहर में पूर्व में भी एक ज्वेलरी-कपड़ा दुकान में करोड़ों रुपये की चोरी की वारदात हो चुकी है, जिसका अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है। इन घटनाओं के बाद भी चोरों का सक्रिय रहना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि उक्त फुटेज के आधार पर छानबीन करते हुए आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए। साथ ही, शहर में रात्रि गश्त बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने की आवश्यकता जताई गई है। लगातार चोरो के हौसलो को देखते हुए लोगों में भय का वातावरण व्याप्त हो गया हैं। बढ़ती इस तरह की घटनाएं कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बनती जा रही हैं।

## भक्त माता कर्मा जयंती महोत्सव एवं प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

परिक्षेत्र साहू समाज पिपरौद एवं ग्रामीण साहू समाज बजरंगपुर के तत्वावधान में आज रविवार 29 मार्च को भक्त माता कर्मा जयंती महोत्सव एवं प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह का गरिमामय आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू होंगे। अध्यक्षता पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में महंत डॉ. रामसुंदरदास, जनपद उपाध्यक्ष खेलुराम साहू, तहसील साहू संघ के अध्यक्ष तुलेश कुमार साहू, संरक्षक ब्रम्हानंद साहू, जनपद सदस्य कुंती- लखन साहू, सरपंच दुलेश्वरी-भीखम साहू मौजूद रहेंगे। बताया गया है कि कार्यक्रम दोपहर 12 बजे, भूमिपूजन, कर्मा जयंती, कलश यात्रा एवं प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में साहू समाज के अध्यक्ष पारसमणी साहू,उपाध्यक्ष हेमंत साहू, महिला उपाध्यक्ष भूमिका साहू,संगठन सचिव शिवकुमार साहू, महिला संगठन सचिव भोजदेवी साहू, कोषाध्यक्ष भानसिंह साहू, अंकेक्षक किशन साहू के अलावा ग्रामीण अध्यक्ष रामजी साहू सोंठ, गोपाल साहू छांटा, हीरा राम साहू सोनेसिल्ली, सुरज साहू गोबरा, डमेश साहू कुर्रा, संतोष साहू तर्री, ओमनारायण साहू दुलना, जोगीराम साहू पटेवा, तामेश्वर साहू चिपरीडीह, भानसिंह साहू डोंगीतराई, डागेश्वर साहू बजरंगपुर, किशन साहू पिपरौद, देवाराम साहू दादरझोरी के अलावा बजरंगपुर साहू समाज के अध्यक्ष डागेश्वर साहू, उपाध्यक्ष जागेश्वर साहू, महिला उपाध्यक्ष बिमला साहू, संगठन सचिव देवक साहू, संगठन सचिव महिला दिनेश्वरी साहू, कोषाध्यक्ष भेदराम साहू, संरक्षक बीरबल साहू, परदेशी राम साहू, प्रमुख सलाहकार रमेश साहू, प्रेमचंद साहू, रूपेंद्र साहू, सहसचिव मनोहर साहू, अंकेक्षक लक्ष्मीनारायण साहू, युवा प्रकोष्ठ तेजराम साहू, प्रचार मंत्री मुकेश साहू, जितेंद्र साहू मौजूद रहेंगे।





### धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

## झरझरा माता मंदिर में बना 50 किलो का अंगाकर और 20 किलो फरा-मुठिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| न्यूज कोपरा



झरझरा माता मंदिर डोंगरीगांव (मुरमुरा) में बासंतीय नवरात्रि में अंचल के प्रसिद्ध रंगकर्मी और संस्कृति कर्मियों ने छत्तीसगढ़ के पारम्परिक व्यंजन और धरोहर को संरक्षित करने 50 किलो का पान रोटी अंगाकर और 20 किलो फरा मुठिया और टमाटर चटनी का निर्माण कर लोगों को प्रदर्शित नहीं किया बल्कि ऐसे अनोखी पहल के लिए एक विशेष योगदान और पहचान भी बना लिया। मंदिर परिसर में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं ने जमकर रसास्वादन तो किया, साथ ही ऐसे कार्यों के लिए समर्पित और ऊर्जावान और संस्कृति संरक्षण के प्रति अतिसंवेदनशील शोद्धार्थी और दूरदर्शी सोच वाले संस्कृति प्रेमी कलाकार साहित्यकारों का जमकर प्रशंसा किए। और बधाइयां दी। अंचल और प्रदेश में ऐसे नेक कार्य को मूर्तरूप देने वाले विलुप्त हो रही पारम्परिक कला संस्कृति और रहन सहन, खान पान, वेशभूषा के संरक्षन संवर्धन के लिए समर्पित लोक कला मंच संझा बिहनिया और सिरजन लोक कला एवं साहित्य संस्था गरियाबंद धमतरी के सभी कलाकारों का समर्पित सहयोग दिखाई दिया, जिसमें लगभग 50 किलोग्राम चांवल आटे का का बैलगाड़ी के चक्के आकार का पान रोटी अंगाकर, टमाटर का सिलपट्टा चटनी, और फरा मुठिया बनाकर मिट्टी के पारम्परिक बर्तन कुडेरा में रखकर लोगों के बीच साझा कर परोसा गया। जिसका चर्चा अंचल में ही नहीं अपितु अन्य जिलों और राज्यों में हुई है।

#### भक्ति और लोक कला का संगम

इस पहल के लिए सहयोग मार्गदर्शन और बैक सपोर्ट मां झरझरा जन विकास समिति डोंगरी गांव मुरमुरा और जन सामान्य का मिला। उल्लेखनीय है कि इस महती आयोजन में राष्ट्रीय कथा वाचक पं. युवराज पाण्डेय का दैवीय भागवत पुराण कथा सत्संग और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम दौरान आरु साहू को महिलाओ के द्वारा कतारबध मंच के समीप पलास के लाल फूल से जोरदार स्वागत किया गया। और एक से बडकर एक देवी जस पचरा, भजन सुन दर्शक मंत्रमुग्ध होकर नाचने झुमने लगे और स्थानीय मण्डलियों द्वारा हरि कीर्तन माता सेवा आदि कार्यक्रम जन विकास समिति झरझरा के समिति के पदाधिकारियों द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया जो क्षेत्र में चर्चा का विषय रहा।

## झाखरपारा में कांग्रेस की बूथ स्तरीय बैठक
### मजबूत बूथ-मजबूत जीत का दिया मंत्र



**गरियाबंद।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवभोग अंतर्गत झाखरपारा मंडल ग्राम पंचायत में बूथ गठन बैठक का आयोजन किया गया,जिसमें कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।बैठक के दौरान पार्टी के दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी गई और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया।बैठक में उपस्थित कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा कि बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती ही चुनावी सफलता की कुंजी है। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने-अपने बूथ क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए जनसंपर्क बढ़ाने और पार्टी की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। इस दौरान संगठन विस्तार,नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने, तथा आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर भी रणनीति पर चर्चा की गई।वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा और जनहितकारी ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### पेट्रोल, डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में छूट का फैसला स्वागत योग्य

**गरियाबंद।** प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा सदस्य योगिता सिन्हा ने पेट्रोलियम उत्पाद पेट्रोल एवं डीजल के उत्पाद शुल्क में 10 प्रतिशत की कमी के निर्णय का स्वागत किया है।



उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में जब खाड़ी देश ईरान एवं इजरायल, अमेरिका में युद्ध चल रहे है। विश्व के अन्य देशों में पेट्रोल एवं डीजल के दाम 30-50 फीसदी तक बढ़ चुके है। ऐसे समय में डीजल एवं पेट्रोल के उत्पादन शुल्क में छूट देकर मूल्य को स्थिर रखने का मोदी सरकार का फैसला स्वागत योग्य है। इस फैसले का व्यापक असर समूचे देश में होगा। पेट्रोलियम उत्पाद पर उत्पादन शुल्क में कमी से आवागमन एवं व्यापार प्रभावित नहीं होगा। सामान के दाम नहीं बढ़ेंगे। जिससे आम आदमी पर आर्थिक भार नहीं बढ़ेगा। अर्थव्यवस्था में मजबूती बनी रहेगी। खाड़ी देश में युद्ध से विश्व में संकट बढ़ा है। केंद्र सरकार का संकटमोचन फैसले से आवागमन एवं अर्थव्यवस्था प्रभावित नहीं होगी।

### टीला एवं पाहंदा में 30 तक मानसगान स्पर्धा



**अभनपुर।** क्षेत्र के ग्राम टीला एवं पाहंदा(चंपारण)मे त्रि दिवसीय संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन चल रहा है। 27 मार्च से आयोजित मानसगान प्रतियोगिता मे विभिन्न क्षेत्रो से आये रामायण मंडलियो द्वारा श्री रामचरितमानस के सुंदर कांड,बाल कांड,अध्योया कांड सहित अन्य प्रसंगो पर संगीतमय गायन कर रही है जिससे क्षेत्र मे भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। उक्त प्रतियोगिता का समापन 30 मार्च को होगी जहां ग्राम टीला मे कैबिनेट मंत्री व धर्म गुरू खुशवंत साहेब,विधायक इन्द्रकुमार साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि,समाजाजिकजन शामिल होगे।

### एसपी ने जारी की तबादला सूची 40 पुलिसकर्मी इधर से उधर

**गरियाबंद।** गरियाबंद पुलिस विभाग में प्रशासनिक कसावट और कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया है। जारी आदेश के तहत जिले में कुल 40 पुलिसकर्मियों का तबादला किया गया है। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी को प्रशासनिक आवश्यकता के तहत तत्काल प्रभाव से उनके नवीन पदस्थापना स्थल पर अस्थायी रूप से पदस्थ किया जाता है। यह व्यवस्था आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगी। इस व्यापक तबादला सूची में उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक और आरक्षकों को शामिल किया गया है। अधिकांश कर्मियों को थाना गरियाबंद, राजिम, छुरा, मैनपुर, देवभोग, फिंगेश्वर, पाण्डुका सहित अन्य थाना क्षेत्रों एवं विशेष शाखाओं में पदस्थ किया गया है। कुछ पुलिसकर्मियों को रक्षित केंद्र गरियाबंद एवं स्पेशल टीम में भी जिम्मेदारी दी गई है। आदेश के अनुसार सभी स्थानांतरित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे तत्काल नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करें। आदेश की प्रतिलिपि संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित कर दी गई है। इस तबादले को जिले में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

## निधन

### श्यामलाल वर्मा

**राजिम।** राजिम नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नं 14 पथर्रा निवासी गणमान्य नागरिक श्यामलाल वर्मा उम्र 75 का निधन हो गया। उनका



अंतिम संस्कार पथर्रा के मुक्तिधाम में हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में समाज, मुहल्ला एवं शहर के लोग शामिल हुए। स्व वर्मा पत्रकार प्रकाश वर्मा, प्रदीप वर्मा, दीपक वर्मा पिता थे। उनके निधन पर राजिम विधायक रोहित साहू, नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिको एवं पत्रकारों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# रामनवमी पर शोभायात्रा, जय श्रीराम के जयघोष से गुंजायमान हुई धर्मनगरी

**भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का सजीव चित्रण श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

रामनवमी के पावन अवसर पर सर्व हिंदू समाज बजरंग अखाड़ा के तत्वावधान में राजिम नगर में भव्य एवं आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे नगर को राममय बना दिया। यह आयोजन धार्मिक आस्था, परंपरा और उत्साह का केंद्र रहा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता देखने को मिली। शोभायात्रा का शुभारंभ राम-जानकी मंदिर, डोभापारा से वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण जी की पूजा-अर्चना के बाद हुआ। इसके पश्चात सुसज्जित रथों, आकर्षक झांकियों, ध्वज-पताकाओं और भजन-कीर्तन के साथ यात्रा नगर भ्रमण के लिए निकली। झांकियों में भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का सजीव चित्रण श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। यह शोभायात्रा डोभापारा से निकलकर नगर के प्रमुख मार्गों, से होते हुए सुभाष चौक, रेस्ट हाऊस मार्ग, पंडित श्यामचरण शुक्ल चौक, बस स्टैंड होते हुए महामाया मंदिर तक पहुंची। मार्ग में विभिन्न



स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। जगह-जगह जलपान और प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई थी। जय श्रीराम के जयघोष, ढोल-नगाड़ों और भजनों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। युवा, महिलाएं और बच्चे शामिल होकर श्रद्धा व्यक्त कर रहे थे। आयोजन समिति द्वारा सुरक्षा, यातायात और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। नगर भ्रमण के बाद शोभायात्रा पुनः मंदिर पहुंची, जहां महाआरती और प्रसाद वितरण किया गया। इस आयोजन में नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव, रवि निर्मलकर, महेंद्र निषाद, रामलाल धीवर, महेश धीवर, लोकेश यादव, सोनू साहू, विकास निषाद, हिमांशु यादव, साकेत साहू, धर्मेंद्र निषाद, सागर निषाद, राजू साहू, प्रयास दुबे, शिवम सोनी, पुष्पराज निषाद, मनीष दुबे, अनिल दुबे, आकाश राजपूत, निखिल यादव सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। यह भव्य शोभायात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनी, बल्कि नगर की सांस्कृतिक परंपरा, एकता और भाईचारे का भी सशक्त संदेश दे गई।

## गतिरोध : 4.33 करोड़ की लागत से बनली थी 250 सीटर लाइब्रेरी

# पीएमओ की दखल के बाद जिले के पीएमश्री स्कूल मैदान में लाइब्रेरी निर्माण पर लगी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला मुख्यालय स्थित पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय परिसर में नालंदा परिसर की तर्ज पर बनने वाली 250 सीटर लाइब्रेरी के निर्माण कार्य पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। करीब 4.33 करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित इस निर्माण पर प्रधानमंत्री कार्यालय में शिकायत के बाद केंद्र और राज्य स्तर से रोक लगाई गई है। शिक्षा मंत्रालय के निर्देश के बाद राज्य शासन ने नगरीय प्रशासन विभाग को पत्र जारी कर तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य रोकने के निर्देश दिए हैं। बता दे कि, नगर पालिका द्वारा स्कूल परिसर में लगभग एक एकड़ भूमि चिन्हांकित कर आधुनिक सुविधाओं से युक्त लाइब्रेरी (नालंदा परिसर) बनाने की योजना थी। इसमें छात्रों के लिए अध्ययन कक्ष, डिजिटल संसाधन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु व्यवस्था प्रस्तावित थी। हालांकि, शुरुआत से ही शाला विकास एवं प्रबंधन समिति ने इसका विरोध किया।

समिति का कहना था कि चयनित स्थल स्कूल का मुख्य खेल मैदान है, जहां फुटबॉल, हॉकी और वॉलीबॉल जैसी गतिविधियां नियमित रूप से संचालित होती हैं। निर्माण होने से छात्रों और खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध मैदान का बड़ा हिस्सा खत्म हो जाता। वहीं समिति का यह आरोप भी था कि उनसे लाइब्रेरी निर्माण के लिए विधिवत अनुमति भी नहीं ली गई थी। जिसे लेकर समिति ने जिला प्रशासन को कई बार लिखित आपत्ति दी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

इसके बाद समिति अध्यक्ष अधिवक्ता प्रशांत मानिकपुरी ने 2 मार्च को सीधे पीएमओ में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए 18 मार्च को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अवर सचिव विपिंदर चंदर चमोली ने राज्य शासन को मामले की जांच कर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए। जिसके बाद 23 मार्च को समग्र शिक्षा के आयुक्त ने कलेक्टर को पत्राचार कर निर्माण कार्य रोकने के निर्देश भेजे। हालाकि इसके बाद भी मामला दबा ही हुआ था।

### क्या है नालंदा परिसर

नालंदा परिसर की तर्ज पर बनने वाली इस लाइब्रेरी में 250 विद्यार्थियों के एक साथ अध्ययन की सुविधा, डिजिटल लाइब्रेरी, ई-रिसोर्स और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराने की योजना थी। अब इसके लिए वैकल्पिक स्थान की तलाश की जाएगी।



### प्रभारी सचिव ने भी कहा- दूसरी जगह देखें

शुक्रवार को जब जिले की प्रभारी सचिव आर. संगीता पीएमश्री स्कूल निरीक्षण के लिए पहुंची तो फिर से यह मुद्दा उठा। समिति अध्यक्ष प्रशांत मानिकपुरी ने उन्हें इस मामले की जानकारी दी। जिसके बाद प्रभारी सचिव ने मौके पर ही कलेक्टर बीएस उईके को स्पष्ट निर्देश दिए कि स्कूल परिसर के स्थान पर लाइब्रेरी के लिए वैकल्पिक स्थान चयनित किया जाए। इसके बाद कलेक्टर ने नगर पालिका अधिकारी को पत्र जारी कर निर्माण कार्य पर रोक लगा दी। इधर, राज्य शासन द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि विद्यालय परिसर में किसी भी निर्माण कार्य के लिए शाला प्रबंधन समिति की अनुमति अनिवार्य है, जो इस मामले में नहीं ली गई थी। यह भी कहा गया कि पीएमश्री योजना के तहत चयनित विद्यालयों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विकसित किया जाना है, ऐसे में बिना समन्वय के निर्माण कार्य से स्कूल के मूल स्वरूप और भविष्य की योजनाओं पर असर पड़ सकता है। इसलिए यह भविष्य में भी बिना अनुमति और समन्वय के किसी प्रकार का निर्माण कार्य न किया जाए। समिति अध्यक्ष प्रशांत मानिकपुरी ने कहा कि यह मैदान केवल स्कूल का नहीं, बल्कि जिले की खेल गतिविधियों का प्रमुख केंद्र है, जहां से कई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे हैं। उन्होंने निर्माण पर रोक को छात्रों और खिलाड़ियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय बताया।

## अवैध ईंट भट्ठों का जाल, नदियों के अस्तित्व पर संकट, प्रशासन मौन

**कोपरा।** इन दिनों ब्लॉक मुख्यालय सहित आसपास ग्रामीण अंचल में अवैध रूप से लाल ईंट के भट्ठे धड़ल्ले से चलाए जा रहे हैं। इन अवैध ईंट भट्ठों पर कार्रवाई न होने से ईंट भट्ठा संचालकों के हौसले बुलंद हैं। कार्रवाई नही होने से बीते कुछ वर्षों में इस अवैध कारोबार का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। इन दिनों शहरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों के आवास स्वीकृत होते ही क्षेत्र में ईंट भट्ठे का अवैध कारोबार तेजी से फलफूल रहा है। जगह-जगह लाल ईंटों का निर्माण किया जा रहा है। यह अवैध ईंट निर्माण ज्यादातर रूप में पैरी नदी, सरगी नदी, सूखा नदी के तट पर निर्माण किया जा रहा है। जिससे नदियों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। कुछ संचालकों द्वारा ईंट निर्माण से लेकर उसे पकाने तक शासकीय भूमि का इस्तेमाल कर रहे हैं तो वही कुछ लोग सिर्फ ईंट को पकाने के लिए शासकीय भूमि का उपयोग किया जा रहा है। इसी तरह कुछ लोग शासकीय भूमि के मिट्टी को खोदकर कच्चे ईंट निर्माण कर अन्य लोगो से मोटी रकम लेकर बेचा जा रहा है। जिसे खरीदने वालों द्वारा शासकीय जमीन पर बड़ी-बड़ी पिरामिड की तरह भट्ठा तैयार कर पकाकर बेचा जा रहा है। शासकीय जमीन पर बड़े पैमाने पर ईंट निर्माण किये जाने से जमीन खेत का शक्ल ले लिया है। जिसे उन्ही लोगो के द्वारा अवैध कब्जा कर कुछ वर्षों बाद फसल लेना शुरू कर देते हैं। इस सबकी जानकारी होने के बावजूद विभागीय अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय हाथ पर हाथ धरे हुए बैठे हैं। ब्लॉक के प्रत्येक गांव में एक न एक ईंट भट्ठा धधक रहा है। इन भट्ठों से न केवल शासन को राजस्व की हानि हो रही है, बल्कि आसपास का वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है। ब्लॉक मुख्यालय सहित क्षेत्र के बिजली, मड़वाडीह, तरीघाट, रवेली, कुंडेल, सिर्रीखुर्द , खुटेरी, आदि गांवों में लाल ईंट भट्ठों का संचालन हो रहा है।



## सुधा शर्मा महिला शिखर सम्मान से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा राजिम की वरिष्ठ साहित्यकार एवं सुप्रसिद्ध कवियत्री सुधा शर्मा को उनके साहित्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण अवदान एवं अनवरत लेखन हेतु महिला शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा थी। इस अवसर पर महापौर मीनल चौबे ,भाजपा प्रवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष बाल आयोग शताब्दी पाण्डेय, डिप्टी कमिश्नर ऑफ पोलिस रायपुर अर्चना झा ,सहायक परियोजना अधिकारी हेमलता शर्मा मौजूद थी। सांसद लक्ष्मी वर्मा ने महिला शक्ति को जागरूक कर विभिन्न रोजगार के विषय में बताया, महापौर मीनल चौबे ने नारी की शक्ति व स्वयं के कार्यों व चुनौतियों के बारे में बताया, शताब्दी पाण्डेय ने नारी शक्ति को नारायणी कहते हुए घर परिवार और राष्ट्र के एकता के बारे में बताया डिप्टी कमिश्नर अर्चना झा ने सभी नारी शक्ति के अंदर छुपे हुए हुनर को जगाने और आत्म बल बढ़ाने पर चर्चा किया प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा एवं महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से समाज में उलेखनीय कार्य के लिए चयनित 33 विप्र नारी शक्ति का शॉल, स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

## भक्ति और श्रद्धा के साथ जंवारा विसर्जन कन्या पूजन कर भक्तों ने लिया आशीर्वाद



**मैनपुर।** क्षेत्र में रामनवमी के पावन अवसर पर विभिन्न देवीमंदिरों में श्रद्धा और भक्ति के साथ जवारा विसर्जन एवं कन्या पूजन का आयोजन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिरों में उमड़ पड़ी और भक्तों ने माता की विधिवत पूजा–अर्चना की। मैनपुर नगर में वन विभाग स्थित माँ दुर्गा में भी नवरात्रि के नौ दिनों तक विधि–विधान से पूजे गए जवारे का नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्रद्धालुओं द्वारा शोभायात्र के रूप में विसर्जन किया गया। इस दौरान भक्ति गीतों और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। महिलाओं एवं युवतियों ने सिर पर जवारे रखकर श्रद्धापूर्वक विसर्जन यात्र में भाग लिया। इस अवसर पर कन्या पूजन का भी विशेष आयोजन किया गया, जिसमें छोटी–छोटी कन्याओं को माता का स्वरूप मानकर उनकी पूजा–अर्चना की गई। उन्हें तिलक लगाकर भोजन कराया गया तथा उपहार भेंट किए गए। श्रद्धालुओं ने कन्याओं का आशीर्वाद प्राप्त कर परिवार की सुख–समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान मंदिर समिति एवं स्थानीय श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा । इस मौके पर पंडित योगेश शर्मा,अशोक ठाकुर, दयाराम नागेश, गेमलाल साहू, रोमेश बंछोर, केशव बंछोर, महेश बाम्बोडे एंव बडी संख्या में नगर व क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

## गांधी चौक में राम जन्मोत्सव की धूम

**नवापारा-राजिम।** रामनवमी के पावन अवसर पर मर्यादा गांधी चौक में धूमधाम से मनाई गई रामनवमी, भक्तिभाव से गूंजा माहौलपुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना गांधी चौक उत्सव समिति द्वारा भव्य और श्रद्धापूर्ण आयोजन किया गया। पूरे मोहल्ले की सहभागिता से आयोजित इस उत्सव में भक्ति और उल्लास का अदभुत संगम देखने को मिला। गांधी चौक में आकर्षक पंडाल सजाकर अयोध्या धाम में विराजित श्रीरामलला की मनोहारी चित्रमय झांकी स्थापित की गई। तोरण, ध्वज और दीपों से सजे पंडाल में भक्तों ने विधिवत पूजन-अर्चना की। पंडित ब्रह्मदत्त शास्त्री के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा सम्पन्न हुई। इस अवसर पर हलवा, पेड़ा और फलों का भोग लगाकर भगवान श्रीराम की आरती उतारी गई। राम जन्म बधाई के भजनों की मधुर धुनों के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर झूमते नजर आए। कार्यक्रम में ओमप्रकाश शर्मा, नरेश अग्रवाल, जयकांत बाबरिया, दिनेश सांकला, सतीश बंजारे, आनंद गोलछा, लक्की-विक्की चौधरी, शांति झावक, बंटी तंबोली, विनोद एवं मुकेश सोनी, प्रतीक ,अजीत, मिक्की चौधरी, दीपक पवार, पूनम बंजारे, कल्लू-मुकेश शर्मा, दिनेश अग्रवाल, शुभम सांखला, मोहन अग्रवाल ,गोविंद अग्रवाल, अशोक गोलछा, सुनील बोथरा, परमेश्वर सोनी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। भगवान श्रीराम से विश्व शांति, आपसी प्रेम, सदभाव और सुख-समृद्धि की कामना की। यह आयोजन न केवल आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक एकता का भी सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया।



## इंद्रकुमार की अनुशंसा से करोड़ों के विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत

**नवापारा-राजिम।** विधायक इंद्रकुमार साहू की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ सरकार ने विभिन्न विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। जिससे क्षेत्र में सड़क,नाली और आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा। यह जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना के तहत प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है।इसमे अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए लगभग 81.73 लाख रुपये स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों में मुख्य रूप से सीसी सड़क निर्माण,नाली निर्माण एवं ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने से जुड़े कार्य शामिल हैं। ग्राम परसदा (सोंठ), डोमा एवं गोईंदा में सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। इससे ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलने के साथ-साथ जल निकासी की समस्या से भी राहत मिलेगी। विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाएं मजबूत होंगी और लोगों के जीवन स्तर में सुधार आएगा। स्थानीय लोगों ने भी इस निर्णय का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि जल्द ही इन कार्यों की शुरूआत होकर क्षेत्र में विकास की नई तस्वीर देखने को मिलेगी।

**अंतिम विदाई के समय परिजनों को झेलनी पड़ रही भारी दुश्वारियां**

# मुक्तिधाम में सुविधाओं का टोटा, धुएं से भरा प्रतीक्षालय और छांव नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 14 पथर्रा स्थित मुक्तिधाम के लिए स्थानीय प्रशासन को ध्यान दिए जाने की जरूरत है। शवदाह के लिए प्लेटफार्म बना है वहीं बाजू से एक प्रतिक्षालय भी है जो बहुत छोटा है। यह प्रतिक्षालय शवदाह गृह से लगा हुआ है लिहाजा अंतिम संस्कार के समय जब मुखाग्नि दी जाती है तो इसके उठते धुआं प्रतिक्षालय में नजदीक होने के कारण घुस जाता है। लोग यहां बैठ नही पाते। इस स्थल की स्थिति इस तरह का है जहां दूसरा कोई विकल्प नजर नही आता। एक बरगद का झाड़ है जहां चंद लोग ही छाया के नाम पर बैठ पाते है बाकी मैदान न केवल अटपटा है बल्कि गंदगियो से सराबोर है। छांव की तलाश में मुक्तिधाम पहुंचने वालो को आसपास के घरो के



सामने खड़ा होना पड़ता है इस मुक्तिधाम में पेयजल के लिए न तो बोरिंग है और न ही अन्य कोई साधन। शनिवार को दोपहर में पथर्रा के एक गणमान्य नागरिक के निधन हो जाने पर इस मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। कैसे भी करके असुविधाओं के बीच अंतिम क्रियाकर्म परिवार के लोगो ने किया। इस दौरान मौजूद सैकड़ो लोगो को छांव की तलाश करते देखा गया। गर्मी में छांव की तलाश तो स्वभाविक ही है। बारिशकाल में बरसते पानी के बीच क्या स्थिति होती होगी यह समझा जा सकता है। ये मुक्तिधाम वार्ड नं 14-15 के लिए खास मायने रखता है। बता दें कि राजिम नगर पालिका क्षेत्र बड़ा एरिया में बसा हुआ है। हालांकि महानदी किनारे बहुत ही सुंदर और सर्वसुविधायुक्त आलीशान मुक्तिधाम बना जरूर है मगर दूरस्थ वार्ड के लोगों के लिए यह न केवल काफी दूर पड़ता है बल्कि असुविधाजनक हो जाता है।

### बुनियादी जरूरतें नदारद

मुक्तिधाम एक ऐसा स्थान है जहां लोग अपने प्रियजनों को अंतिम विदाई देने आते हैं। ऐसे में वहां सम्मानजनक और सुविधाजनक व्यवस्था होना अत्यंत आवश्यक है। नागरिकों को उम्मीद है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या को संज्ञान में लेकर शीघ्र ही आवश्यक कदम उठाएगा, ताकि अंतिम संस्कार जैसी संवेदनशील प्रक्रिया में किसी को परेशानी न झेलनी पड़े। उल्लेखनीय है कि यह मुक्तिधाम वार्ड नं 14-15 सहित शहर के पीछे के हिस्सों के लोगों के लिए अंतिम संस्कार का प्रमुख स्थान है, लेकिन यहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव लोगों की पीड़ा को और बढ़ा रहा है। मुक्तिधाम में एक प्रतीक्षालय का निर्माण तो किया गया है, लेकिन वह अत्यंत छोटा और अनुपयोगी साबित हो रहा है। जब शव दाह किया जाता है, तो उससे उठने वाला धुआँ सीधे प्रतीक्षालय के अंदर भर जाता है, जिससे वहां बैठना मुश्किल हो जाता है। परिणामस्वरूप, लोग चाहकर भी इस सुविधा का उपयोग नहीं कर पाते। शनिवार को हुए एक अंतिम संस्कार के दौरान स्थिति और भी भयावह देखने को मिली। तेज धूप में लोगों को खुले में बैठने को मजबूर होना पड़ा, इस दौरान परिजनों और उपस्थित लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

